नमस्कार!   साथियो,

देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की कवायद में सशक्त अभियान चल रहा है। इसी क्रम में, केन्द्रीय सतर्कता आयोग (CVC) के निर्देश पर सी-डॉट में 29 अक्तूबर से 3 नवम्बर, 2018 तक **"सतर्कता जागरूकता सप्ताह"** आयोजित किया जा रहा है।

इस वर्ष का केन्द्रीय विषय यानी Central theme है- **भ्रष्टाचार मिटाओ - नया भारत बनाओ (Eradicate Corruption - Build a New India)**।

उक्त विषय पर एक लघु निबंध प्रतियोगिता (Short Essay Writing Competition) और एक पोस्टर प्रतियोगिता (Poster Making Competition) आयोजित की जा रही हैं।

**लघु निबंध प्रतियोगिता (Short Essay Writing Competition)** में हिस्सा लेने के लिए आप उपरोक्त केन्द्रीय विषय (Central theme) पर सारगर्भित निबंध टाइप करके cvo@cdot.in पर 29 **अक्तूबर**, 2018 तक अवश्य भेज दें। लघु निबंध आप हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा में टाइप कर सकते हैं। शब्द सीमा है- **300 से 500 शब्द**।

**पोस्टर प्रतियोगिता (Poster Making Competition)** के लिए आप डिजिटल माध्यम से अथवा कागज़/आर्टकार्ड पर किसी भी माध्यम का प्रयोग करते हुए अपने पोस्टर बनाकर उसे ईमेल द्वारा **cvo@cdot.in** पर अथवा **सीवीओ कार्यालय**, ब्लॉक-2/ द्वितीय तल में **29 अक्तूबर, 2018** तक अवश्य भेज/ जमा करवा दें। **पोस्टर का आकार A3 होना चाहिए।** डिजिटल पोस्टर भेजने के लिए कृपया हाई रेजोल्यूशन **jpg अथवा pdf** फॉर्मेट में भेजें।

आपसे अनुरोध है कि आप इस प्रक्रिया में अपने **परिवार के सदस्यों को भी शामिल करें** क्योंकि एक जागरूक परिवार ही देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

आप दोनों में अथवा एक प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। सभी कर्मचारी एक-एक प्रविष्टि भेज सकते हैं।

तो अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दें और **आकर्षक पुरस्कार भी जीतें।**

आप सभी से अनुरोध है कि  कृपया ज्यादा से ज्यादा संख्या में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के सभी कार्यक्रमों/ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर आयोजन सफल बनायें।

सादर,

**संदीप जैन**
**मुख्य सतर्कता अधिकारी**